रेकॉर्ड : इस 60 फीसदी की दर्ज की गई बढ़ोतरी

आईआईएम में 100 परसेंट प्लेसमेंट, हाईएस्ट पैकेज 67.60 लाख सालाना

रायपुर @ पत्रिका. इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) ने इस साल का प्लेसमेंट डेटा जारी कर दिया है। इस साल भी 100 परसेंट प्लेसमेंट रहा। खास बात ये रही कि हाईएस्ट पैकेज 67.60 लाख सालाना गया जो कि अब तक का रेकॉर्ड रहा। इस साल इसमें 60 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

एवरेज पैकेज 21.04 लाख रहा जो पिछले साल की अपेक्षा 19 प्रतिशत ज्यादा है। कुल 255 छात्रों को जॉब मिली है। इस साल 107 कंपनियों ने भर्ती प्रक्रिया में हिस्सा लिया।

मीडियम पैकेज 20 लाख रुपए प्रति वर्ष रहा जो पिछले साल से 18 प्रतिशत ज्यादा रहा। टॉप 10 प्रतिशत छात्र-छात्राओं को एवरेज सीटीसी 34.64 लाख प्रति वर्ष मिला, वहीं टॉप 25 प्रतिशत को एवरेज 28.25 लाख प्रति वर्ष सीटीसी मिला जबकि टॉप 50 प्रतिशत को 24.77 लाख रुपए सालाना पैकेज मिला।

बेहतरी की ओर बढ़ेंगे कदम

प्लेसमेंट में अपने छात्रों की सफलता से रोमांचित हैं। उनकी कड़ी मेहनत और संस्थान की शिक्षा की गुणवत्ता का प्रमाण है। हम बेहतरी की दिशा में कोशिश जारी रखेंगे और अपने छात्र-छात्राओं को अपने-अपने क्षेत्रों में आगे बढ़ाने के लिए तैयार करते रहेंगे।

प्रो. राम कुमार काकानी, निदेशक आईआईएम

Patrika , 2nd Apr 2023 , P.03(Zoom)